दिनांक: 17 फ़रवरी, 2026

# प्रेस विज्ञप्ति

## मर्चेंट्स चेम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश द्वारा“Stock Market vis-à-vis Current Economy”पर इंटरएक्टिव सत्र का आयोजन

मर्चेंट्स चेम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश की कॉरपोरेट अफेयर्स कमेटी द्वारा “Stock Market vis-à-vis Current Economy” विषय पर एक विशेष इंटरएक्टिव सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र के मुख्य वक्ता श्री राजीव अग्रवाल रहे, जो शेयर बाजार, निवेश रणनीतियों तथा वर्तमान आर्थिक परिदृश्य पर गहन अनुभव और व्यावहारिक दृष्टिकोण रखते हैं।

कार्यक्रम का संचालन सीए शिवांश मेहरा द्वारा किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत चैंबर के पूर्व अध्यक्ष डॉ. महेंद्र मोहन गुप्ता द्वारा मुख्य अतिथि को गुलदस्ता भेंट कर की गई।

सीएस आदेश टंडन ने अपने स्वागत भाषण में वर्तमान आर्थिक परिदृश्य में शेयर बाजार की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए इस प्रकार के सत्रों को उद्योग जगत के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। इसके पश्चात एमसीयूपी के पूर्व अध्यक्ष श्री अतुल कनोडिया ने चैंबर की ओर से उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया तथा विषय की संक्षिप्त भूमिका प्रस्तुत की।

सीए हिमांशु कपूर द्वारा मुख्य वक्ता का औपचारिक परिचय कराया गया, जिसमें उन्होंने श्री राजीव अग्रवाल के अनुभव, विशेषज्ञता एवं शेयर बाजार से जुड़े उनके व्यावहारिक दृष्टिकोण पर विस्तार से प्रकाश डाला।

अपने संबोधन में श्री अग्रवाल ने वैश्विक मैक्रो आर्थिक रुझानों (Global Macro Trends) का विश्लेषण प्रस्तुत किया तथा बताया कि इन रुझानों को भारत की विकास यात्रा के साथ किस प्रकार संरेखित (Align) किया जा सकता है। उन्होंने इस बात पर विशेष बल दिया कि निवेशकों को उन क्षेत्रों की पहचान करनी चाहिए जहाँ वैश्विक और भारतीय रुझानों का स्पष्ट कन्वर्जेंस (Convergence) दिखाई देता हो।

उन्होंने कहा कि भारत वर्तमान समय में एक संरचनात्मक परिवर्तन (Structural Transformation) के दौर से गुजर रहा है, जहाँ दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ निवेश करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने भविष्य के निवेश के लिए जिन प्रमुख क्षेत्रों को चिन्हित किया, उनमें हेल्थकेयर एवं मेडिकल इनोवेशन, डेटा सेंटर्स एवं डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI), डिफेंस एवं एयरोस्पेस तथा पावर और ऊर्जा क्षेत्र में अनुसंधान शामिल हैं। उन्होंने बताया कि ये सभी क्षेत्र न केवल वैश्विक स्तर पर तेज़ी से विकसित हो रहे हैं, बल्कि भारत में भी नीति समर्थन, तकनीकी उन्नति एवं बढ़ती मांग के कारण इनमें दीर्घकालिक विकास की मजबूत संभावनाएँ विद्यमान हैं।

कार्यक्रम के दौरान ओपन हाउस प्रश्नोत्तर सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें उपस्थित सदस्यों ने सक्रिय रूप से भाग लिया तथा अपने प्रश्नों के माध्यम से विशेषज्ञ से महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कीं।

मुख्य वक्ता को चैंबर कौंसिल सदस्य विश्वनाथ गुप्ता द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

अंत में चैम्बर के कौंसिल सदस्य सुशील शर्मा ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत करते हुए सभी वक्ताओं, अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर चैम्बर के सदस्य सीए राजीव मेहरोत्रा, सीए राजेश मेहरा, सीए अमित पांडेय, डॉ जय प्रकाश, दीप गर्ग, उमेश पांडेय, सुबोध शाह, पंकज जैन सहित चैंबर के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित रहे।